# <u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
# <u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये कल शाम थम जायेगा प्रचार। प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर मतदान उन्नीस अप्रैल को।
- दूसरे चरण के चुनाव के लिये राजनीतिक दलों ने तेज किया प्रचार अभियान। सभी प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता उतरे प्रचार मैदान में।
- अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद बेहद भव्य तरीके से मनाया जायेगा रामलला का जन्मोत्सव, सूर्य किरण से होगा प्रभुराम का तिलक।
- चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर श्रद्धालु कर रहे मां महागौरी की पूजा। विन्ध्याचल और देवीपाटन शक्तिपीठ पर लगी है श्रद्धालुओं की कतार।

**********

लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का प्रचार कल शाम छह बजे थम जाएगा। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। प्रथम चरण के इन आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ तिरालिस लाख़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। इनमें छिहत्तर लाख तेइस हजार पुरूष, व सड़सठ लाख चौदह हजार महिला और आठ सौ चौबीस थर्ड जेन्डर के मतदाता हैं। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र तथा चौदह हजार आठ सौ बयालिस मतदेय स्थल बनाए गए हैं। पहले चरण के चुनाव में राजनीतिक दलों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी की संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा कि यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार को खत्म करने की घोषणा की गई है। भाजपा के अन्य कई वरिष्ठ नेताओं ने भी पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर अलग–अलग जिलों में प्रेस वार्ताओं को संबोधित किया।

उधर, बसपा प्रमुख मायावती ने कल मुरादाबाद और पीलीभीत के बीसलपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बजाय बसपा जनता के हित में काम करने में भरोसा करती है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूंजीपतियों की पार्टी है। उसकी कथनी और करनी में अंतर है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह धर्म और जाति के नाम पर प्रदेश को बांटने का काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने बसपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल मुजफ्फनगर में चुनावी जनसभा में कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में पहले चरण में यूपी में भाजपा का सफाया कर देगी, क्योंकि भाजपा के शासनकाल में सभी वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा अब गारंटी की बात कर रही हैं, उनकी गारंटी फेल साबित होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन की केंद्र में सरकार बनने पर अग्नि वीर व्यवस्था समाप्त की जाएगी।

**********

प्रदेश में तीसरे चरण के अन्तर्गत सात मई को दस संसदीय सीटों पर होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामाकंन पत्र भरने की प्रक्रिया बारह अप्रैल से जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कल इन दस सीटों पर कुल अट्ठारह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस चरण की मैनपुरी सीट से भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह ने कल अपना नामांकन किया। उनके नामांकन के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रामनरेश अग्निहोत्री सहित पार्टी के पदाधिकारी और नेता मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने कल आगरा लोकसभा सुरक्षित सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, कपिल अग्रवाल सहित पार्टी के अन्य नेता मौजूद रहे। वहीं फतेहपुर सीकरी सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी रामेश्वर चौधरी ने भी नामांकन किया।

उधर, बरेली जिले की आंवला लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन किया, उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य उपस्थित रहे।

वहीं बरेली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार ने भी नामांकन दाखिल किया, उनके साथ प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद रहे। एटा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजवीर ने भी पर्चा दाखिल किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे।

वहीं फिरोजाबाद से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अक्षय यादव ने भी कल अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा द्वारा अभी तक इस सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। वहीं बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने भी कल नामांकन पत्र भरा। संभल सीट पर पीस पार्टी के प्रत्याशी डॉ0 राशिद अली ने अपना निर्वाचन पत्र दाखिल किया। इस चरण में उन्नीस अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जायेंगे।

**********

लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी ने मुकेश सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। यह सीट आशुतोष टंडन के निधन से रिक्त हुयी है। यहां मतदान बीस मई को होगा।

**********

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद राम मंदिर में रामलला का पहला जन्मोत्सव बेहद आकर्षक और भव्य होने जा रहा है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। रामनवमी पर श्रद्धालुओं की भीड़ की संभावना को देखते हुए ट्रस्ट ने आज से अट्ठारह अप्रैल तक के लिए सभी प्रकार के वीआईपी पास निरस्त कर दिये हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि रामनवमी पर मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण अयोध्या नगर निगम क्षेत्र में अस्सी से अधिक स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कराया जायेगा। श्री राय ने बताया कि रामनवमी पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रात ग्यारह बजे तक रामलला के दर्शन की व्यवस्था की जा रही है।

श्री राम जन्मभूमि परिसर में भगवान रामलला का मंदिर इस वर्ष के दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर का संपूर्ण परकोटा श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र सहित राम मंदिर से जुड़े सभी कार्य दिसंबर दो हजार चौबीस तक पूरे हो जाएंगे।

नृपेन्द्र मिश्र, श्रीराम जन्मोत्सव की व्यवस्था की निगरानी करने कल अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि अयोध्या में रामनवमी मेले के अवसर पर प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन की सरल और सुलभ व्यवस्था की जा जा रही है।

***रामनवमी की व्यवस्था पूरी जिला प्रशासन करता है और वो आश्वस्त है की जो भी आवश्यकताएं राम नवमी के लिए है वो उसकी पूर्ति करेंगे। उनके साथ ही मिलकर के जो हमारे ट्रस्ट के पदाधिकारी लोग है वो देख रहे है व्यवस्था को और सभी लोग आश्वस्त है कि राम नवमी में जो श्रद्धालु आयेंगे उनको सुविधाजनक ढंग से भगवान राम का दर्शन हो सकेगा। विशेष रूप से राम नवमी में आकर्षण भी है। क्योंकि हम लोग प्रयासरत है की सूर्य किरण भगवान के माथे पर बारह बजकर सोलह मिनट के करीब पाँच मिनट के लिए आये और आशीर्वाद प्राप्त करें।***

**********

रामनवमी के अवसर पर प्रमुख मेला स्थलों और मंदिरों में तलाशी के बाद ही प्रवेश मिलेगा। इस सम्बन्ध में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने सभी जिलों में पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मेला स्थलों और मंदिरों की सुरक्षा बढ़ायी जाय।

**********

चैत्र नवरात्र की अष्टमी तिथि पर आज श्रद्धालु मां आदिशक्ति के आठवें स्वरूप महागौरी की विधिवत आराधना कर रहे हैं। इस अवसर पर आज भोर से ही प्रदेश के सभी प्रमुख देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। अष्टमी तिथि पर मिर्जापुर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ विन्ध्याचल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध होकर दर्शन–पूजन कर रहे हैं। बलरामपुर स्थित देवीपाटन शक्तिपीठ पर भी श्रद्धा और आस्था का उल्लास छाया हुआ है।

**********

पीलीभीत जिले में बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या सात सौ तीस पर थाना गजरौला क्षेत्र में रोडवेज बस द्वारा ई रिक्शा में टक्कर मार देने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिए गए हैं।

**********